हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 दिसंबर 2025
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 22 डिग्री
न्यूनतम 8 डिग्री

4 कोरिया में अब तक 4.43 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी



## खबर संक्षेप

### खरवत चौक के पास हाई मास्ट लाइट महीनों से बंद



**बैकुण्ठपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 पर स्थित खरवत चौक के पास स्थित हाई मास्क लाइट महीनों से बंद पड़ा है, इसे लेकर पूर्व में मौखिक रूप से संबंधित विभाग के अधिकारियों को शिकायत की गई थी, बावजूद इसके सुधार कार्य नहीं हुआ, इसके पश्चात क्षेत्र के जनपद सदस्य गणेश राजवाडे ने भी कलेक्टर को बीते12 दिसंबर को लिखित शिकायत कर खरवत चौक पर स्थित बिगडे हाई मास्क लाइट को जल्द सुधार करने की मांग की थी, ताकि राहगीरों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

### रामप्रसाद पुनः राजवाड़े समाज के बने अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** रजवार समाज बैकुंठपुर का चुनाव 25 दिसंबर को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। चुनाव परिणाम के अनुसार रामप्रसाद राजवाड़े पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए। इसी तरह सचिव राजेश राजवाड़े, कोषाध्यक्ष रूपनारायण राजवाड़े, संचालक विश्वनाथ राजवाड़े, सह सचिव तुलाराम राजवाड़े चुने गए। इस अवसर पर क्षेत्र की 41 ग्राम समितियों की कार्यकारिणी सहित लगभग 400 सदस्यों ने सहभागिता की। साथ ही जिले के सोनहत एवं पटना क्षेत्र के सदस्य तथा जिला कोरिया के अध्यक्ष रविशंकर राजवाड़े सहित जिला कार्यकारिणी की पूरी टीम उपस्थित रही। चुनाव को सफल बनाने में चुनाव संचालन समिति की भूमिका विशेष एवं सराहनीय रही। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को समाजजन द्वारा बधाई दी गई।

### अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित

**मनेन्द्रगढ़।** विधान निर्वाचन क्षेत्र क्रं. 01 भरतपुर-सोनहत अंतर्गत मतदाता सूची से संबंधित मैपिंग एवं सी श्रेणी के मतदाताओं के दावे-आपत्तियों की सुनवाई के लिए सहायक एवं अतिरिक्त रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को मतदान केन्द्र आवंटित किए गए हैं। साथ ही सुनवाई का स्थल और समय भी निर्धारित किया गया है। सभी स्थानों पर सुनवाई पूर्वाह्न 11 से सायं 5 बजे तक की जाएगी। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशि शेखर मिश्रा को मतदान केन्द्र क्र. 77 एवं 78 आवंटित किए गए हैं। यहां कुल 16 मैपिंग/सी श्रेणी के मतदाता हैं, जिनकी सुनवाई अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कार्यालय, भरतपुर-जनकपुर में होगी।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, गंभीर

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम लमगांव निवासी सूरज मंगलवार को दोस्त दीपक उरांव को बाइक से उसके घर छोड़ने गया था। जैसे ही सूरज दोस्त दीपक को उसके घर छोड़ का जाने लगा तभी दीपका का पिता पीयर साय घर से बाहर निकला और धान चोरी कर बेचने का आरोप लगाते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार से हमला कर दिया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां घायल का उपचार जारी है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दर्ज किया है।

### आग से झुलसी बालिका की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** खलिहान में आग ताप रही बालिका अचानक आग की चपेट में आ गई जिससे गंभीर रूप से झुलस गई। परिजन बालिका को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू निवासी संलिता टोप्पो आ. दिलसाय (12 वर्ष) 12 दिसंबर की सुबह घर समीप बनाए गए खलिहान में बैठकर आग ताप रही थी। इसी दौरान आग कपड़ा में पकड़ लिया जिससे आग की चपेट में आ गई। घटना को देख परिजन किसी तरह आग को बुझा कर उसे तत्काल पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बालिका की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बालिका की मौत हो गई।

### राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पण्डो परेशान, प्रशासन से पहल की मांग

# सीतापुर रकया में डेढ़ माह से पेयजल सप्लाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत सोनहत मार्ग पर शिवघाट की तलहटी पर स्थित ग्राम सीतापुर में राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पेयजल के लिए तरस रहे हैं, लेकिन अब तक इनकी गंभीर समस्याओं की ओर किसी का ध्यान नहीं जा पाया है, इसके चलते प्रतिदिन सुबह उठने के साथ ही विशेष संरक्षित जनजाति पंडो परिवार के लोगों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है।

ग्राम सीतापुर रकया के पंडो बस्ती के विजय पंडो ने बताया कि बीते लगभग डेढ़ माह से पंडो बस्ती में पेयजल के लिए समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पहले उनके घर तक पेयजल लगाए गए नल से मिल रहा था, जो अब नहीं मिल रहा है, इसके कारण अपनी बस्ती से दूर जाकर उन्हें पेयजल लाना पड़ता है, इसके लिए घर की महिलाएं सुबह होने के साथ ही पेयजल के लिए दूर से पेयजल लाती हैं। विजय पंडो ने कहा कि यदि बिगड़ी व्यवस्था को सुधार कर दिया जाए तो उनके घर के पास ही पेयजल मिल जाएगा। जानकारी के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत पंडो बस्ती तक नल का विस्तार किया गया है। इसमें से पंडो परिवारों को पेयजल मिलता था, लेकिन व्यवस्था बिगड़ने के कारण डेढ़ माह से जल जीवन मिशन के नल से उन्हें पेयजल नहीं मिल रहा है, इसके चलते उन्हें दूर से पेयजल की व्यवस्था करना पड़ रहा है।



समस्या बताते पंडो परिवार।



सूखा नल।

#### हैडपंप की व्यवस्था नहीं बस्ती में

जानकारी के अनुसार ग्राम सीतापुर में पंडो परिवार बाहुल्य क्षेत्र में उन्हें शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर एक हैंडपंप का भी खनन अब तक नहीं किया गया है, जबकि विशेष संरक्षित जनजाति पंडो विकास के नाम पर सरकारी राशि खर्च कर दी जा रही है, लेकिन धरातल में राष्टपति के दत्तक पुत्रों को पीने के शुद्ध पानी की भी माकूल व्यवस्था नहीं है।

#### पंचायत भी नहीं दे रहा ध्यान

ग्राम सीतापुर के पंडो परिवार के सदस्य बीते डेढ़ माह से पेयजल के लिए मशक्कत कर रहे हैं,बावजूद इसके पंचायत प्रतिनिधि भी इनकी समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं है। यही कारण है कि पंडो बाहुल्य क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है तो उसे सुधार करने की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं की गई। जिला प्रशासन को तत्काल ग्राम सीतापुर के पंडो परिवारों की मूलभूत गंभीर समस्या पेयजल की समस्या को जल्द दूर करने की दिशा में पहल करें।

# घर में आग लगाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर



गिरफ्तार आरोपी।

■ बड़े साल्ही में बुजुर्ग की जिंदा जलने से हुई थी मौत

जिले के पुलिस चौकी बचरापोड़ी अंतर्गत ग्राम बड़े साल्ही में दो लोगों द्वारा घर में आग लगाने से वृद्ध की झुलसने से मौत हो गई थी ,वहीं उसकी पत्नी गंभीर रूप से झूलस गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 103 (1), 109 (1), 326 (छ), 332 (ए), 3 (5), 249, 61 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मुख्य आरोपी सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, वहीं एक अन्य आरोपी को सिटी कोतवाली पुलिस ने बीते दिनों जिला सहरसा बिहार से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

इसी के साथ ग्राम बड़े साल्ही आगजनी के मामले के सभी आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बचरापोड़ी अंतर्गत ग्राम बड़े साल्ही निवासी संतकुमार पिता राय राम केंवट ने पुलिस में सूचना दर्ज कराया कि 14 दिसंबर की रात्रि में उसके माता-पिता जो कि दोनों अलग रहते थे, उनके घर में रात्रि में दो व्यक्ति पेट्रोल छिड़क कर घर में आग लगा दिए थे। इस घटना में उसके पिता की आग से झुलसने से मौत हो गई, वहीं उसकी मां बुरी तरह झूलस गई थी।

घटना की सूचना पर सिटी कोतवाली, पुलिस चौकी बचरा पोड़ी एवं सायबर सेल की अलग-अलग टीम गठित कर जांच किया गया तो साईको क्रिमिनल मुख्य आरोपी मृतक का दामाद सुरेश ठाकुर उर्फ कनपुरिया एवं उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। इस मामले में एक अन्य सहयोगी आरोपी नकटा उर्फ दिलखुश सरदार पिता संजीत सरदार उम्र 19 वर्ष निवासी लतहा सरदार टोला थाना सहरसा पोस्ट परियार जिला सहरसा बिहार से गिरफ्तार करने के साथ इस मामले के सभी आरोपी पुलिस गिरफ्त में आ गए। इस आरोपी के गिरफ्तारी में मुख्य रूप से चौकी प्रभारी पोड़ी बचरा उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, सहायक उप निरीक्षक जीपी यादव, प्रधान आरक्षक सुनील साहू, आरक्षक मनोज पाण्डेय, अभिषेक यादव, महेन्द्र पुरी,रवि भगत , सायबर सेल के आरक्षक शिवम सिन्हा तथा आरक्षक चालक प्रताप सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

#### मुख्य आरोपी को कट्टा बेचा था

इस मामले में मुख्य आरोपी सुरेश ठाकुर उर्फ कानपुरिया को बिहार से पकड़ा गया। आरोपी नकटा उर्फ दिलखुश सरदार ने 315 बोर का देशी कट्टा विक्रय किया था, जिसके कब्जे से पुलिस ने 12 हजार रूपए देशी कट्टा विक्रय का शेष रकम जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड में भेज दिया।

### शहर में निकली रैली...







**बैकुंठपुर।** शहर में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर कचहरीपारा से शहर के प्रमुख मार्गों पर समाज के द्वारा रैली निकाली गई। इस दौरान लोगों ने कहा कि उन वीर बालकों को स्मरण करने और उनसे प्रेरणा लेने का अवसर है, जिन्होंने धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरू श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को नमन करने के लिए समर्पित है। इतनी कम उम्र में उनके द्वारा दिखाया गया साहस आज भी पूरे देश के लिए प्रेरणास्त्रोत है। गुरू गोबिंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना कर अन्याय के विरूद्ध खड़े होने का संदेश दिया।

### वीर बाल दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम





**बैकुण्ठपुर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर जिले में विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिले के स्कूलों, महाविद्यालयों एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में यह कार्यक्रम आयोजित किए गए थे।

उल्लेखनीय है कि वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में केन्द्र सरकार द्वारा देशभर में अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इन आयोजनों का उद्देश्य गुरु गोबिंद सिंह के पुत्र साहिबजादे बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के असाधारण साहस, अद्वितीय बलिदान एवं शौर्य से जनसामान्य, विशेषकर युवाओं को अवगत कराना है। साथ ही भारतीय इतिहास के युवा नायकों की वीरता और त्याग को सम्मानपूर्वक स्मरण करना भी इन कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य है। इस अवसर पर जिले के विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बौद्धिक संगोष्ठी, भाषण प्रतियोगिता, पेंटिंग्स, रंगोली प्रतियोगिता, कविता पाठ जैसी गतिविधियां आयोजित की गई। गौरतलब है कि 9 जनवरी 2022 को श्री गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी, ताकि साहिबजादों की शहादत और उनके अद्वितीय बलिदान को सदा स्मरण रखा जा सके और आने वाली पीढ़ियों को इससे प्रेरणा मिलती रहे।

### जनकपुर में मना वीर बाल दिवस



**मनेन्द्रगढ़।** शासकीय नवीन महाविद्यालय जनकपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वाद-विवाद एवं भाषण प्रतियोगिता तथा समूह चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों ने सिख धर्म के 10 वें गुरु गोविंद सिंह के बलिदानी पुत्रों साहिबजादे अजीत सिंह, साहिब जादे जुझार सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह, साहिबजादे फतेह सिंह के द्वारा अपने राष्ट्र, संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए किए गए बलिदानों को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य अतुल कुमार वर्मा, शिशु मंदिर के शिक्षक अमित मिश्रा के द्वारा वीर बालकों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.परमानंद के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के अतिथि व्याख्याता आशुतोष वर्मा तथा अतिथि व्याख्याता गीतिका वर्मा के गुरू गोविंद सिंह के परिवार के बलिदान के बारे में बताया गया। बीए तृतीय वर्ष के छात्र विद्यासागर के द्वारा उनके वीर बालकों के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर युवराज सिंह जगत, अजय कुमार साहू , निखिल केवट, स्वयंसेवक तारकेश्वर राजवाड़े, मुकेश कुमार वर्मा, सोनू प्रजापति, प्रमोद कुमार बैगा, सुनील अहिरवार, मायावती सिंह, इमाशी उपाध्याय, सृष्टि केवट, अर्चना जायसवाल, रागनी मौर्य, प्रीती सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पट्टे के जमीन से प्रशासन ने हटाया अवैध कब्जा



**खड़गवां।** एमसीबी जिले के ग्राम पंचायत खड़गवां में पट्टे की जमीन पर अवैध कब्जा कर झोपड़ी बनाने वाली महिला के खिलाफ प्रशासन ने 24 दिसंबर को कार्रवाई की। राजस्व और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मौके पर पहुंचकर अवैध झोपड़ी को ढहाया और सामान जब्त कर लिया।

चिरमिरी-बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित जमीन को महिला के द्वारा लगातार औने पौने दाम पर बेचने का दबाव बनाया जा रहा था। मामला वर्ष 2016-17 का है। चिरमिरी निवासी भू-स्वामी अमित सोनी पिता स्व.जीपी सोनी ने तहसील न्यायालय और थाना खड़गवां में अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद 2022 में तहसील न्यायालय ने कब्जा हटाने का आदेश दिया, लेकिन अनावेदक हसबुन पति रशीद ने एसडीएम न्यायालय में अपील दायर कर दी। वर्ष 2024 में एसडीएम ने भी तहसील न्यायालय के फैसले को सही मानते हुए अवैध कब्जा हटाने का आदेश जारी किया। महिला ने फिर सरगुजा न्यायालय में अपील की, जिससे प्रार्थी को न्याय मिलने में लंबा समय लगा। सरगुजा कमिश्नर न्यायालय में करीब एक साल की कानूनी प्रक्रिया के बाद सरगुजा कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा ने तहसील और एसडीएम के फैसले को सही मानते हुए अवैध कब्जा हटाने का आदेश जारी किया। इसके बाद तहसीलदार सिद्धि गबरेल के नेतृत्व में राजस्व और पुलिस टीम ने मौके पर कार्रवाई की गई।

# नालंदा परिसर निर्माण की तैयारी जोरों पर

**बैकुण्ठपुर।** जल संसाधन विभाग बैकुंठपुर के कार्यालय परिसर में नालंदा परिसर निर्माण की दिशा में आवश्यक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। विभागीय परिसर में स्थित कुछ पुराने स्टोर भवन अत्यंत जर्जर, जीर्ण-शीर्ण एवं खंडहर की स्थिति में थे, जिन्हें सुरक्षा एवं विकास कार्यों को ध्यान में रखते हुए खाली कराया गया है।

उल्लेखनीय है कि जल संसाधन विभाग परिसर में उपलब्ध खाली भूमि को जिला प्रशासन द्वारा पूर्व में ही नालंदा परिसर निर्माण के लिए चयनित किया गया था। इस महत्वपूर्ण जनहितकारी परियोजना के अंतर्गत निर्माण सीमा में आने वाले जर्जर स्टोर भवनों को हटाना आवश्यक था। जर्जर भवनों में रखी विभागीय सामग्री को परिसर में ही स्थित अन्य सुरक्षित खाली भवनों में स्थानांतरित कर सुरक्षित रखवाया गया है। वहीं खंडहर अवस्था में संचालित हो रहे

■ हटाए गए जर्जर भवन

अनुविभागीय अधिकारी (वि./यां.) लाईट मशीनरी, नलकूप एवं गेट उप संभाग बैकुंठपुर के कार्यालय को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उसी परिसर में स्थित एक अन्य खाली भवन में अस्थायी रूप से संचालित किया जा रहा है। जल संसाधन संभाग बैकुंठपुर के कार्यपालन अभियंता ने जानकारी दी है कि विद्युत यांत्रिकी कार्यालय का विभागीय काम काज प्रभावित नहीं होगा और न ही विद्युत यांत्रिकी कार्यालय को सूरजपुर शिफ्ट करने का नौबत होगा। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस अस्थायी व्यवस्था से कार्यालय के कार्यों पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं पड़ेगा और न ही कार्यालय को किसी अन्य स्थान अथवा जिले में स्थानांतरित किया जा रहा है। नालंदा परिसर के निर्माण से क्षेत्र में शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रशासन का कहना है कि खंडहर हो चुके भवनों के स्थान पर एवं उपलब्ध खाली भूमि में नालंदा परिसर का निर्माण विकास की दृष्टि से उचित एवं आवश्यक पहल है।

### निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, सीपीआर की दी गई ट्रेनिंग

# मानस भवन में रक्तदान शिविर, 30 यूनिट डोनेट







हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

वीर बाल दिवस के अवसर पर शहर के मानस भवन में रेडक्रॉस सोसायटी बैकुंठपुर, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने रक्तदान कर किया। आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में कई लोगों ने स्वेच्छिक रक्तदान किया।

जानकारी के अनुसार रक्तदान शिविर में आरके हीरो शो रूप के संचालक सुधीर अग्रवाल जो कि रेडक्रास सोसायटी बैकुंठपुर के जिला कार्यकारिणी सदस्य भी है, इनके शो रूम के कर्मचारियों को प्रोत्साहित कर 11 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इसके अलावा काफी संख्या में अन्य लोगों के द्वारा भी स्वेच्छिक रक्तदान किया गया। इस तरह बाल वीर दिवस पर आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में कुल 30 यूनिट रक्तदान किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेंबर ऑफ कामर्स कोरिया के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा। वहीं रक्तदान शिविर में सीपीआर का डेमो प्रशिक्षण प्रदान कर उपस्थित लोगों को सजग किया गया। रक्तदान करने वाले दानदाताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि मानस भवन में आयोजित रक्तदान शिविर जैसे मानवहित से जुड़े आयोजन समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। रक्तदान न केवल किसी एक व्यक्ति के जीवन को बचाता है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए आशा की किरण बनता है।

रक्तदाता सदैव समाज में सम्मान के पात्र होते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से रक्तदान को जीवनदान, महादान बताते हुए इसमें सक्रिय सहभागिता की अपील की। रेडक्रॉस सोसायटी के सदस्य शैलेन्द्र शर्मा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में मानवीय संवेदनाओं, ▶▶ शेष पेज 4 पर

# बरदिया में सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**कटकोना।** जिले के पटना क्षेत्र अंतर्गत बरदिया मंडल में 25 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से सुंदरकांड पाठ का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ तथा हिन्दू सम्मेलन आयोजित किया गया।

आयोजन में क्षेत्र के अनेक श्रद्धालु, समाजसेवी, युवा एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लेकर धार्मिक वातावरण को और भी पवित्र बना दिया। सुंदरकांड पाठ के दौरान भक्तों ने प्रभु श्रीराम के जीवन से प्रेरणा ग्रहण की और सामूहिक रूप से भक्ति भाव का अनुभव किया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिन्दू संस्कृति, परंपरा और समाज में एकता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि ऐसे आयोजन न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ करते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, सेवा और भाईचारे की भावना को भी बढ़ावा देते हैं। आयोजन के दौरान क्षेत्र के अनेक समाज के वरिष्ठजन को सम्मानित किया गया तथा बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का ▶▶ शेष पेज 4 पर

खबर संक्षेप



## राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल में सरगुजा सेक्टर ने हासिल की जीत

**अंबिकापुर।** राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सरगुजा की टीम ने बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने दुर्ग सेक्टर की टीम को फाइनल में मात देते हुए विजेता के खिताब पर अपना कब्जा जमाया है बता दें कि छग शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तरीय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में सरगुजा सेक्टर की टीम ने भी हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान सेमीफाइनल मुकाबले में सरगुजा सेक्टर ने मजबूत प्रतिद्वंद्वी रायपुर सेक्टर को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया और फाइनल मुकाबले में दुर्ग सेक्टर को बड़े अंतर से शिकस्त देकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। इस टीम में सरगुजा बास्केटबॉल संघ से प्रज्ञा मिश्रा, प्रिया जायसवाल, रिविका लकड़ा, रिमझिम मिश्रा, रागिनी, सुष्मिता, साक्षी तिर्की, प्रीति मिंज, संशिता ने बेहतर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सरगुजा सेक्टर की चयनित महिला खिलाड़ी अंबिकापुर स्थित गांधी स्टेडियम में प्रतिदिन नियमित अभ्यास करती हैं। लंबे समय के बाद उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सरगुजा सेक्टर की महिला टीम का फाइनल तक पहुंचना और अंततः विजेता बनना पूरे सरगुजा संभाग के लिए गर्व, सम्मान और प्रेरणा का विषय है। यह उपलब्धि विशेष रूप से इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि लंबे अंतराल के बाद सरगुजा जिला बास्केटबॉल संघ की महिला खिलाड़ियों ने उच्च शिक्षा विभाग की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में खिताब जीतकर नया इतिहास रचा है। यह सफलता खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, निरंतर अभ्यास तथा संघ के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है।

## जनपद सदस्य ने दिखाई मानवता दिव्यांग महिला को दिलाई ट्राइसाइकिल



**प्रतापपुर।** जनपद सदस्य डी राम द्वारा एक बार फिर मानवीय संवेदना और जनसेवा की मिसाल पेश की गई है। ग्राम बगड़ा निवासी हितग्राही रूदनी बाई जो नेत्र से पूर्णतः विकलांग हैं, उनकी दयनीय स्थिति को देखते हुए जनपद सदस्य ने जिला पंचायत से ट्राइसाइकिल मंगवाकर उन्हें उपलब्ध कराई। रूदनी बाई अपने पति संत राम पण्डो के साथ अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन कर रही थीं। पति संत राम उन्हें ट्राइसाइकिल पर बैठाकर गांव-गांव जाकर भीख मांगने को मजबूर थे। जानकारी लगने पर जनपद सदस्य डी राम तत्काल पहल करते हुए संबंधित विभाग से ट्राइसाइकिल दिलाने की व्यवस्था की। ट्राइसाइकिल मिलने के बाद दंपति के चेहरे पर राहत और संतोष साफ झलक रहा था। इस अवसर पर जनपद सदस्य डी राम ने कहा कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना ही जनप्रतिनिधि का वास्तविक धर्म है।

## फेडरेशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन को लेकर किया कर्मचारियों से संपर्क



**अम्बिकापुर।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के पदाधिकारियों ने बुधवार को कलेक्टोरेट परिसर में संचालित कार्यालयों का भ्रमण कर अधिकारी-कर्मचारियों को हड़ताल के संबंध में अवगत कराया एवं निर्धारित आवेदन भरवाकर सभी से हड़ताल में शामिल होने, अपनी मांगों के प्रति एकजुट होने एवं तीन दिवसीय हड़ताल के बाद भविष्य में अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। पदाधिकारियों ने बताया कि जनसंपर्क अभियान चलाकर आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया जा रहा है। इस दौरान पदाधिकारियों ने कलेक्टर ऑफिस, कोषालय, जिला पंचायत, समाज कल्याण, उप पंजीयक, खेल एवं युवा कल्याण, महिला बाल विकास, एसडीएम कार्यालय, आरइएस, कृषि आदि कार्यालयों में भ्रमण किया। शुक्रवार को पदाधिकारी पुनः कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित अन्य कार्यालयों का भ्रमण कर हड़ताल के संबंध में जानकारी देंगे। इस दौरान फेडरेशन के कौशलेन्द्र पाण्डेय, कमलेश सोनी, डॉ.सीके मिश्रा, नवीन केशरी, दुर्गेश सिन्हा, संजय यादव, विजेन्द्र यादव आदि सक्रिय थे।

## वनकर्मियों पर पथराव करने वाला फरार तीसरा आरोपी धराया

**अम्बिकापुर।** वन परिक्षेत्र राजपुर में बाघ गणना के लिए ट्रांजिट लाइन तैयार करने के दौरान 30 नवम्बर को वनकर्मियों से गाली गलौज करने के साथ ही शासकीय वाहन पर पथराव व तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने फरार चल रहे तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। पीड़ित वन रक्षक की रिपोर्ट पर पुलिस बीएनएस की धारा 296, 351, 115, 121, 132, 221, 324 एवं 3 का प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले की जांच कर रही थी। मामले में पुलिस दामोदर नगर शंकरगढ़ निवासी, सूर्यप्रताप सिंह पिता आंदन कुमार एवं संतोष कुजूर पिता अगनूराम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि मामले का तीसरा आरोपी मिथिलेश कुजूर पिता अगनू घटना के बाद फरार था। कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने उसके लोकेशन का पता लगाया गांधीनगर थाना क्षेत्र से घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया।

### आए दिन हो रही घटनाएं, नहीं हो रहा पानी का छिड़काव

# एनएच 343 निर्माण की धीमी गति ने बढ़ाई लोगों की परेशानी, सड़कों पर धूल का गुबार



धूलधुसरित एनएच 343 की सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 343 के निर्माण कार्य की धीमी गति ने लोगों में नाराजगी है। सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन से उड़ती धूल के गुबार ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है इसके साथ ही जर्जर सड़क पर बने गड्ढे दुर्घटना का कारण बन रहे है। विभागीय अधिकारियों की लापरवाही और ठेकेदार की मनमानी के कारण अब लोगों में खासा आक्रोश है।

**खास बात**

- रजपुरीखुर्द से पाढ़ी के बीच स्थिति बेहद खराब

बता दें कि अंबिकापुर से रामानुजगंज के बीच एनएच 343 पर सड़क निर्माण का कार्य लम्बे इन्तजार के बाद शुरू किया गया है। एनएच पर रजपुरी खुर्द से पाढ़ी के बीच 49 किलोमीटर सड़क 397.44 करोड़, बड़की महरी से रामानुजगंज के बीच 29.430 किलोमीटर सड़क 199.05 करोड़ व संजय नगर से राजपुरीखुर्द के बीच 13.700 किलोमीटर बाईपास सड़क निर्माण 149.94 करोड़ रुपए की लागत से कराया जाना है। मुख्य सड़क पर पहले खंड में रजपुरी खुर्द से पाढ़ी तक सड़क निर्माण की बात की जाए तो राजपुर नगर क्षेत्र में नाली निर्माण तथा ग्राम परसा क्षेत्र में लगभग एक किलोमीटर सड़क निर्माण कार्य करने में ही लगभग डेढ़ माह समय बीत गए हैं। शेष हिस्सों में न तो समुचित खुदाई की गई है और न ही सड़क निर्माण की गति तेज की गई है। इससे स्पष्ट होता है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य को लेकर कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा न तो नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जा रहा है और न ही किसी प्रकार की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। परिणामस्वरूप पूरा राजपुर नगर क्षेत्र धूल की चादर में ढका नजर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी हालात कुछ अलग नहीं हैं। इसके साथ ही जर्जर सड़क पर लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। हाल ही में तहसील कार्यालय के समीप परसागुड़ी के युवक की गड्ढों के कारण ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है।

### किया गया है निर्देशित

उच्च अधिकारियों द्वारा कार्य की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है और ठेकेदार को तीव्र गति से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया है। कार्य को समय अवधि में पूर्ण करने हेतु ठेकेदार को निर्देशित किया गया है।

-**निखिल लकड़ा**, एसडीओ एनएच

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि



**भाजपा जिला कोषाध्यक्ष बलरामपुर प्रवीण अग्रवाल** ने कहा कि ठेकेदार से बात हुई है और बोला गया है कि हर 6 किलोमीटर में कार्य लगाकर तेजी से किया जाएगा और समय सीमा से पूर्ण कर लिया जाएगा।



**जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल** ने कहा कि एनएच 343 के अधिकारियो से बात हुई है उनके द्वारा कहा गया कि कुछ तकनीकी दिक्कते थे जिसका समाधान हो गया है। काम की गति तेज करने हेतु निर्देर्शित किया गया है। विभाग द्वारा तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने की बात कही है।



**डॉ. प्रीतम राम पूर्व विधायक लुंड्रा** ने कहा कि सड़क लंबे समय से खराब है जिससे आए दिन दुर्घटना हो रही है। जनजीवन को बहुत ज्यादा खतरा है और हर कोई आक्रोशित है। शासन तीव्र गति से बेहतर सड़क का निर्माण कराए जिससे लोगो को राहत मिल सके। उड़ती धूल से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो रहा है, लोग परेशान होकर के अस्पतालों के चक्कर काटते रहते हैं। लोगों को धूल से एलर्जी हो रही है। सड़क से उड़ती धूल लोगों के घरों में जा रही है। राजपुर में नाली निर्माण में काफी लोगों की प्रतिक्रिया आ रही है। इस तरह से सब लोग भी परेशान हो रहे हैं इसको भी सड़क की ऊंचाई है उसको कुछ कम करना चाहिए और तकनीकी रूप में जो भी बेहतर से बेहतर काम करना चाहिए।



**भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल** ने कहा कि ठेकेदार द्वारा धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। यदि टेंडर मिला है तो ठेकेदार लोगों की परेशानी को देखते हुए तत्काल तेज गति से कार्य प्रारंभ करें। जिससे सरकार की मंशा हैं कि खराब सड़क से लोगों को निजाद मिल सके। टेंडर होने के बाद इतना विलंब उचित नही।



**अधिवक्ता सुनील सिंह** ने कहा कि एनएच 343 के निर्माण में किया जा रहा विलम्ब प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है जिस कारण वर्तमान में दिन-ब-दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। लोग व्यवस्था के कारण हलकान हो रहे हैं, आने वाले समय में जहां दुर्घटनाएं बढ़ेंगी वहीं लोगों के परेशानियों की सुध लेने वाला कोई नहीं होगा। आने वाले गर्मियों के बाद यदि बारिश के मौसम तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया तो लोग बहुत ही परेशानियों से जूझेंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासनिक तंत्र की होगी।

### न ही चेतावनी न संकेतक बोर्ड

जर्जर एनएच पर रात के समय गड्ढे नजर नहीं आने से खतरा और भी बढ़ जाता है इसके बाद भी ठेकेदार द्वारा न तो चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं और न ही सड़क को सुरक्षित बनाने के लिए अस्थायी उपाय किए गए हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी निर्माण कार्य की धीमी गति पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते सड़क निर्माण कार्य में तेजी नहीं लाई गई तो आने वाले समय में हालात और भयावह हो सकते हैं। गर्मी के मौसम में धूल से जहां जनजीवन बेहाल रहेगा, वहीं बरसात के दिनों में यही गड्ढे जलभराव के कारण बड़े हादसों को न्योता देंगे। क्षेत्रवासियों ने एनएच-343 के अधिकारियों से मांग की है कि ठेकेदार को निर्देशित कर युद्धस्तर पर निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। साथ ही सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव, गड्ढों को अस्थायी रूप से भरना, चेतावनी बोर्ड और संकेतक लगाना अनिवार्य किया जाए ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।



## प्राथमिक शाला भवन पर गिरा सूखा पेड़ छुट्टी होने के कारण टली बड़ी दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

ग्राम पंचायत कछवारी स्थित प्राथमिक शाला भवन पर बुधवार को आग से झुलसा एक सूखा पेड़ गिर गया। पेड़ के गिरने से शौचालय की छत का एक हिस्सा टूटकर नीचे गिर गया। गनीमत रही कि स्कूल की छुट्टी होने के कारण इस दौरान कोई भी उपस्थित नहीं था अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

प्राथमिक शाला भवन के पास ही एक सूखा पेड़ था। सूखे पेड़ की जड़ के पास किसी ने आग जलाई होगी जिसके कारण पेड़ के नीचे का तना जलकर खोखला हो गया था। इस बीच सूखे पेड़ की झुलसी एवं खोखली तना पर किसी का ध्यान नहीं गया। बुधवार को दोपहर ढाई बजे सूखा पेड़ स्कूल भवन के शौचालय पर गिर पड़ा। पेड़ के गिरते ही शौचालय की छत भरभराकर गिर गई साथ ही दीवारों में दरारें आ गई। दुर्घटना में शौचालय की छत के निकट रखी प्लास्टिक टंकी भी टूट गई साथ ही पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गया। पेड़ गिरने से स्कूल भवन को काफी क्षति पहुंची है। गनीमत रही कि इस दौरान शीतकालीन अवकाश होने के कारण स्कूल में न तो विद्यार्थी थे न ही शिक्षक अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। सूखे पेड़ के तने के पास किसने और कब आग जलाई थी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। ग्रामीण शरारती तत्वों द्वारा आग लगाने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। शौचालय की जर्जर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल शौचालय भवन की मरम्मत कराने एवं विद्यालय परिसर के पेड़ों की डाल की छंटाई कराने की मांग की है।

इस संबंध में प्रधान पाठक संजय जायसवाल ने बताया कि घटना की सूचना से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया गया है तथा मलबे को हटाया जा रहा है।

## विद्युत पोल से टकराई कार, बाल बाल बचे सवार

**अम्बिकापुर।** नेहरू वार्ड रामेश्वर मंदिर के समीप एक कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे विद्युत पोल से टकरा गई। कार की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सिमेंट का विद्युत पोल टूट गया जबकि कार के सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत था कि कार सवार युवक बाल-बाल बच गए। बताया जा रहा है कि बुधवार की देर रात सफेद रंग की कार काफी तेज गति से रामेश्वर मंदिर की ओर से तालाब की ओर जा रही थी। चालक कार लेकर जैसे ही रामेश्वर मंदिर से



कुछ दूर आगे बढ़ा तभी अनियंत्रित होकर कार सड़क किनारे स्थित 11 हजार केवी विद्युत पोल से टकरा गई। वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सीमेंट का पोल टूट गया जिससे कार खंभा व नाली में फंस गया। आज सुबह ट्रैक्टर की मदद से कार को बाहर निकाला गया। इधर घटना की सूचना पर विद्युत विभाग द्वारा नए विद्युत पोल लगाकर विद्युत सप्लाई बहाल की।

## युवा कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन व पुतला दहन

**राजपुर।** प्रदेश युवा कांग्रेस के आह्वान पर गुरुवार को युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष बृजेश यादव के नेतृत्व में पुतला दहन व विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम किया गया। यह प्रदर्शन भिलाई विधायक देवेंद्र यादव द्वारा भिलाई एवं छत्तीसगढ़ के संसाधनों को बचाने के लिए चल रहे सत्याग्रह के समर्थन तथा केंद्र सरकार के विरोध में किया गया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बृजेश यादव ने कहा कि केंद्र सरकार निजीकरण की नीति के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता के अधिकारों का हनन कर रही है। भिलाई के स्कूलों एवं मैत्री बाग को निजी हाथों में सौंपने के निर्णय को तत्काल वापस लिया जाए और निजीकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। उन्होंने प्रदेश की जनता से आह्वान किया कि वे इस संघर्ष में युवा कांग्रेस के साथ खड़े होकर अपने अधिकारों की रक्षा करें। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच काफी झूमाझटकी भी हुई। इस दौरान युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव नीरज तिवारी, विधानसभा अध्यक्ष दीपक बुनकर, पूर्व एनएसयूआई



जिलाध्यक्ष रुपेश यादव, जनपद सदस्य अमीन शाय, पिंटू यादव, आलोक, अंकित मिंज, राहुल भारती, हेमंत यादव, देवा, जैद हसन, अभिजीत भारती सहित अन्य मौजूद थे।

## किसान सम्मान दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में दिया गया प्रशिक्षण

**सीतापुर।** किसानों के मसीहा कहे जाने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन पर कृषि विज्ञान केंद्र में किसान सम्मान दिवस समेत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान किसानों ने वर्चुअल माध्यम से किसानों ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का संबोधन सुना।

वर्चुअल संबोधन के दौरान कृषि मंत्री ने कहा कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन को राष्ट्रीय किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। चौधरी चरण सिंह किसानों के मसीहा के रूप में जाने जाते थे और अपने कार्यकाल में उन्होंने किसानों के उत्थान के लिए बहुत सारी योजनाएं चलाई थी। केंद्रीय कृषि मंत्री के वर्चुअल संबोधन के पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र प्रमुख एवं वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कहा कि किसान देश का अन्नदाता है जो अपना खून पसीना बहाकर देश को खाद्य सुरक्षा प्रदान करता है। आज का युवा किसान अगर नवाचार



एवं आधुनिक तकनीक अपनाकर कृषि कार्य से जुड़ता है तो अपने साथ साथ देश को भी आत्मनिर्भर बनाता है। विषय वस्तु विशेषज्ञ प्रदीप लकड़ा ने प्रशिक्षण के दौरान किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डॉ. सुरजचंद्र पंकज, संतोष साहू, समेत क्षेत्र से आये किसान मौजूद थे।

## अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहा ग्रामीण गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** घर में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री कर रहे ग्रामीण को संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने पकड़ा। टीम ने ग्रामीण के पास से कुल 16.44 लीटर विदेशी शराब जब्त किया। क्रिसमस और न्यू ईयर पर अवैध शराब की तस्करी पर रोकथाम हेतु उड़नदस्ता टीम लगातार गश्त कर रही है। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम 25 दिसंबर को बलरामपुर जिले के डिंडो क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी मुखबिर से सूचना मिली कि चौकी डिंडो थाना



त्रिकुंडा अंतर्गत वराह नगर निवासी देवनारायण जायसवाल अपने घर में भारी मात्रा में उत्तर प्रदेश की अंग्रेजी शराब रखकर धड़ल्ले से बेच रहा है। सूचना पर सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता अपनी टीम के साथ देवनारायण जायसवाल के घर दबिश और देवनारायण जायसवाल के घर की तलाशी ली तो उसके घर से उत्तर प्रदेश राज्य की कुल 16.44 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया। आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) 59 (क) 36 के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक कुमारू राम, अशोक सोनी, रमेश दुबे, नगर सैनिक गणेश पांडे, रणविजय सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता तथा महिला सैनिक अंजू एक्का सक्रिय रही।

## उरांव समाज ने पिल्खा बांध किनारे मनाया युवा सम्मेलन

**अंबिकापुर।** मूल पहड़ा उराव समाज के युवा प्रभाग द्वारा 24 दिसम्बर को पिल्खा बांध पोखरी में युवा सम्मेलन सह पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में आपसी मेल-जोल बढ़ा कर समाज के विभिन्न प्रकार की समस्याओं को दूर करने, युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करने, समय प्रबंधन, शिक्षा के क्षेत्र में शासकीय योजनाओं जैसे नवोदय विद्यालय प्रयास विद्यालय एकलव्य विद्यालय सैनिक विद्यालय के एंट्रेंस एग्जाम हेतु तैयारी के लिए कोचिंग की व्यवस्था हेतु पहल, समाज के सभी परिवारों में बचत को बढ़ावा देने और पूंजी निर्माण कर रोजगार धंधे को प्रोत्साहित करना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में समाज के बैगा और वरिष्ठ जन द्वारा सामूहिक पूजा एवं पारंपरिक पड़हा प्रार्थना से की गई। इसके साथ ही जिला स्तरीय उरांव समाज की



इकाई उरांव समाज युवा समिति हेतु नवीन पदाधिकारी का मनोनयन किया गया जिसमें अध्यक्ष नवीन भगत, उपाध्यक्ष संध्या कुजूर, सचिव मेघा टोप्पो, सहसचिव जीत भगत, अरुण भगत, कोषाध्यक्ष पल्लवी टोप्पो, उप कोषाध्यक्ष निधि बैरागी, प्रवक्ता प्रकाश एक्का, रोजगार एवं शिक्षा मंत्री सुरेंद्र तिर्की, संस्कृति मंत्री गुंजा भगत, सहायक संस्कृति मंत्री चित्रांकिता (चित्रा) भगत, सूचना एवं प्रसारण मंत्री निरेंद्र केरकेट्टा, मीडिया सहायक श्रेया भगत, प्रकृति भगत, प्रियंका टोप्पो, परमजीत भगत, सुहानी कुजूर, विशाल निकुंज चुने गए। इसके साथ ही सम्मेलन में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां व खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गई। खेल प्रतियोगिताओं में किचरी कूरना प्रतियोगिता मे अंशु एवं देवेन्द्र ने प्रथम तथा प्रकाश मिंज एवं प्रियंका टोप्पो ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। पतंगली नू एकना प्रतियोगिता में अतखा पड़हा खैरबार ने प्रथम व अतखा पड़हा गंगापुर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं ने भी समूह गीत और पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के अंत में उरांव समाज देवान उमेश भगत ने आभार प्रदर्शन किया।



## खदान प्रभावित गांवों के 122 परिवारों को महिला समिति ने वितरण किए कंबल

**बिश्रामपुर।** इलाके में पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए एसईसीएल बिश्रामपुर की शिवानी महिला समिति,बिश्रामपुर द्वारा बुधवार 24 दिसंबर को सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम का उद्देश्य शीत ऋतु के दौरान जरूरतमंद महिलाओं एवं उनके परिवारजनों को ठंड से राहत प्रदान करना तथा उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में शिवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह ने सभी लाभार्थियों से मुलाकात कर उनका उनका कुशल क्षेम जाना। अपने संबोधन में उन्होंने सर्दी से बचाव के उपायों पर प्रकाश डालते हुए अत्यधिक ठंड में अनावश्यक रूप से बाहर न निकलने,नियमित रूप से धूप लेने तथा परिवार के सदस्यों—विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों—के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इस अवसर पर शिवानी महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह के साथ समिति की सदस्याए श्रीमती उषा शर्मा, श्रीमती स्नेहा अट्टल, श्रीमती सुनीता कुमारी, श्रीमती जया रमन्ना एवं श्रीमती महिमा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं। कार्यक्रम में लाभार्थियों के रूप में आरजीके से 50, कुम्दा से 31 तथा आमगांव से 41 महिलाओं एवं उनके परिवारजन सहित कुल 122 परिवारों को कंबल वितरित किए गए एवं उपस्थितजनों के लिए चाय एवं नाश्ते की भी व्यवस्था की गई।

## नवीन सर्व सोनार समाज की बैठक में विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मंगलवार को नवीन सर्व सोनार समाज द्वारा मासिक बैठक समाज के जिला अध्यक्ष विनोद सोनी के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक में समाज को संगठित और इसके विस्तार करने को लेकर चर्चा की गई।

- समाज के पुरोधा स्व .रामचंद्र स्वर्णकार को दी गई श्रधांजलि

बैठक की शुरूवार में समाज के पुरोधा रहे स्वर्गीय रामचंद्र स्वर्णकार को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अब हर माह के अंतिम मंगलवार को समाज की बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। सोनार समाज को एकजुट करने के साथ ही इसके विस्तार करने



को लेकर बैठक में अनुभवी लोगों ने अपना अनुभव साझा किया। बैठक में शामिल होने पहुंचे समाज लोगों ने एक स्वर में इस बात पर जोर दिया कि समाज को एक नई दिशा देने के लिए सबसे जरूरी है कि लोग समाज से जुड़े और सामाजिक गतिविधियों में शामिल हों। नवीन सर्व सोनार समाज का उद्देश्य ही यही है कि समाज के लोगो को संगठन से जोड़ा जाए ताकि उसके विकास के लिए काम किया जा सके। नवीन सर्व सोनार समाज की बैठक में इस बात का भी निर्णय लिया गया कि आने वाले दिनों में सभी पदाधिकारी अपने संगठन का विस्तार न सिर्फ जिले बल्कि पूरे संभाग में करेंगे ताकि लोगो के जुड़ने से संगठन को एक मजबूती मिल सके। इस बैठक में नवीन सर्व सोनार समाज के संभागीय प्रभारी रघुनाथ सोनी, समाज के संभागीय संरक्षक शिवराम सोनी, संभागीय अध्यक्ष सुरेश सोनी, जिला अध्यक्ष विनोद सोनी, नगर अध्यक्ष श्रीप्रकाश सोनी, विजय सोनी, सुरेंद्र सोनी, अशोक सोनी, राजेन्द्र प्रशाद सोनी, विनोद सोनी, अंकुर सोनी, अरुण सोनी, सतीश सोनी, शेखर सोनी, अनूप सोनी के साथ अन्य मौजूद थे।

## समिति में बिक्री के आया 45 बोरी अवैध धान जब्त

**राजपुर।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन सतत निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देशन एवं एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में 45 बोरी अवैध धान जब्त किया गया। विकासखंड अंतर्गत धान खरीदी केंद्र धंधापुर में कृषक मोहर लाल जायसवाल द्वारा विक्रय हेतु लाया गया 45 बोरी धान जांच के दौरान अवैध पाया गया। तत्पश्चात तहसीलदार नरेंद्र कंवर एवं संयुक्त टीम के द्वारा जांच उपरांत नियमानुसार उक्त धान को जब्त कर लिया गया। प्रशासन ने सभी कृषकों से कहा है कि वे नियमानुसार धान ही विक्रय के लिए लाएं, ताकि खरीदी प्रक्रिया सुचारु रूप से संचालित हो।




# जापान में रिलीज होगी एनिमल, 1000 करोड़ क्लब में हो जाएगी शामिल

**मुंबई।** रणबीर कपूर की अदाकारी वाली फिल्म 'एनिमल' ने 2023 में रिलीज के वक्त बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था। दो साल बाद अब यह फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बार यह फिल्म भारत में नहीं बल्कि जापान में रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने बुधवार को सोशल मीडिया पर ऐलान किया कि रणबीर कपूर स्टारर यह फिल्म फरवरी 2026 में जापान में रिलीज होगी। भारत में इसने 553 करोड़ रुपये की कमाई की थी। वर्ल्डवाइड इसने 915 करोड़ रुपये कमाए थे। यह फिल्म भारत में अब तक सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। उम्मीद की जा रही है कि जापान में रिलीज होने के बाद यह फिल्म 1000 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी।

लाइफ Style

# चित्रांगदा



## गलवान सिर्फ फिल्म नहीं, बल्कि इमोशन

नेटफ्लिक्स की 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' में चित्रांगदा सिंह के किरदार को सराहा जा रहा है। जल्द वह बॉलीवुड के भाईजान यानी सलमान खान संग 'बैटल ऑफ गलवान' में भी नजर आएंगी। उन्होंने फिल्म के लेकर बात की।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

चित्रांगदा ने उम्मीद जताई है कि ये फिल्म उनके कॅरियर को नई दिशा देगी। 'रात अकेली है-द बंसल मर्डर्स' सोशल मीडिया पर छा चुकी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और चित्रांगदा सिंह की एक्टिंग को बहुत सराहा जा रहा है। अपने किरदार और फिल्म पर बात करते हुए चित्रांगदा सिंह ने कहा कि फिल्म में उनके किरदार में दुख है, टेंशन है, सस्पेंस है, और पावर भी है। एक ही समय पर एक किरदार अलग-अलग इमोशंस से जूझ रहा है और मेरे लिए एक एक्ट्रेस होने के नाते, मुझे इस किरदार के जरिए अपनी कला को दिखाने का मौका मिला है। अपनी फिल्म को मिल रही तारीफ को लेकर चित्रांगदा ने कहा कि ये दर्शकों का प्यार और हमारी टीम की मेहनत है, जहां दर्शकों ने हर किरदार को प्यार दिया है। मैं सबसे ज्यादा श्रेय राइटर्स को दूंगी, क्योंकि उन्होंने एक-एक लाइन को ऐसा लिखा है कि कुछ बदलाव करने की जरूरत ही नहीं थी और फिल्म थ्रिलर थी, तो किरदार के साथ एक्सपेरिमेंट भी नहीं कर सकते हैं।' सलमान खान के साथ फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' में काम करने के अनुभव पर चित्रांगदा ने कहा, 'गलवान' फिल्म सिर्फ फिल्म नहीं है, ये एक इमोशन है, क्योंकि फिल्म में मसाला देखने को नहीं मिलेगा। फिल्म में कई ऐसे सीन्स हैं जो आपको इमोशनल कर देंगे। ये एक कमर्शियल फिल्म है और उम्मीद है कि इससे मेरा कॅरियर और बेहतर होगा।

हॉलीवुड मसाला



# बड़ी कीमत चुकाने का लिया फैसला

**लॉस एंजिल्स।** जुलाई महीने में कोल्ड प्ले के म्यूजिक कॉन्सर्ट में एक किस कंट्रोवर्सी हुई। जिसमें एक कंपनी एस्ट्रोनॉमर के सीईओ और एचआर का अफेयर चर्चा का विषय बन गया। दोनों को अपनी नौकरियां तक गंवानी पड़ी। अब महीनों बाद कंपनी की पूर्व एचआर एग्जीक्यूटिव क्रिस्टिन कैबोट ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ी है। क्रिस्टिन कैबोट कहती हैं, 'मैंने एक गलत फैसला लिया। उस दिन थोड़ा ड्रिंक किया था। फिर अपने बॉस के साथ गलत तरीके से डांस किया, बिहेव किया।



# स्पेनिश गायक एनरिक ने किया चौथे बच्चे का स्वागत

**लॉस एंजिल्स।** स्पेनिश गायक-गीतकार एनरिक इग्लेसियस एक बार फिर पिता बन गए हैं। 50 वर्षीय एनरिक ने पूर्व टेनिस स्टार एना कोर्निकोवा के साथ 17 दिसंबर को अपने चौथे बच्चे का स्वागत किया। इंस्टाग्राम पर एना ने एक संयुक्त पोस्ट के जरिए फैंस के साथ इस गुड न्यूज को साझा किया है। साथ ही कपल ने बच्चे की पहली झलक भी दिखाई है। अपने बच्चे की झलक दिखाते हुए एना कोर्निकोवा और एनरिक ने कैप्शन में सिर्फ लिखा है, 'हमारी जिंदगी की रोशनी। कपल ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें बच्चा सफेद रंग के एक ब्लेंकेट में लिपटा हुआ है। सिर पर टोपी लगाए बच्चे के पास एक टेडी बीयर भी रखा है। हालांकि, कपल ने अभी ये कंफर्म नहीं किया है कि ये बेटा है या बेटी। नए बच्चे का स्वागत करते ही एनरिक और एना का परिवार अब छह सदस्यों का हो गया है।



# आज तक ऐसे अवतार में नजर नहीं आईं

**मुंबई।** अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की नई फिल्म 'मैसा' का टीजर रिलीज हो चुका है। फिल्म से रश्मिका की पहली झलक सामने आ गई है। एक ऐसे अवतार में रश्मिका नजर आ रही हैं जो आजतक नजर नहीं आया है। मंदाना ने अब तक अपनी मासूम मुस्कान, चुलबुले किरदारों और रोमांटिक भूमिकाओं से दर्शकों के दिल जीते हैं, लेकिन उनकी आने वाली पैन-इंडिया फिल्म 'मैसा' का टीजर यह साफ कर देता है कि अभिनेत्री अब अपने करियर के एक बिल्कुल नए और साहसी मोड़ पर कदम रख चुकी हैं। हाल ही में रिलीज हुए टीजर में रश्मिका का ऐसा रूप देखने को मिला है, जिसने फैंस और इंडस्ट्री दोनों को चौंका दिया है। टीजर की शुरुआत में ही आवाज सुनाई देती है जो बताती है कि ये कहानी एक ऐसी बेटी की है जो मौत के सामने झुकने से इनकार कर देती है।



# 26 साल पुराना डांस वीडियो वायरल

**मुंबई।** अक्षय खन्ना एक तरफ जहां 'धुरंधर' को लेकर तारीफें बटोरने में जुटे हुए हैं वहीं उनके कई पुराने वीडियोज़ और इंटरव्यू अब सुर्खियों में हैं। अक्षय खन्ना ऐश्वर्या के साथ कई फिल्मों में काम कर चुके हैं और उन दिनों उनके अफेयर की भी खूब खबरें रही थीं। अब ऐश्वर्या के साथ अक्षय का 26 साल पुराना स्टेज परफॉर्मेंस वाला वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों अपनी ही फिल्म के फेमस गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। अक्षय और ऐश्वर्या का ये वीडियो साल 1999 में हुए मियामी में स्टेज पर परफॉर्मेंस का है, जिसमें दोनों अपनी फिल्म के पॉप्युलर गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। दोनों के इस वीडियो पर एक बार फिर से दर्शकों और फैन्स का प्यार बरस रहा है। आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' की रिलीज के साथ ही अक्षय की सादगी पर लोग एक बार फिर से फिदा हैं।

टीवी मसाला




# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में महिला क्रिकेट टीम

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा का शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया सीजन नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहा है। पहले एपिसोड में प्रियंका चोपड़ा ने शिरकत की थी। अब वीकेंड एपिसोड में कॉमेडी और क्रिकेट के गौरव का रंग जमेगा। दूसरे एपिसोड में महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी आने वाली हैं, जिन्होंने हाल ही में ऐतिहासिक वर्ल्ड कप जीता है। पर फैंस के लिए बुरी खबर ये है कि स्मृति मंधाना नहीं आएंगी। कुछ दिनों पहले ही पलाश मुच्छल के साथ उनकी शादी टूटी है। 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में कैप्टन हरमनप्रीत कौर के साथ ऋचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, रेणुका सिंह, हरलीन देओल, राधा यादव, प्रतिका रावल और मुख्य कोच अमोल मजूमदार नजर आएंगी। पर भारतीय क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना नदारद हैं। प्रोमो में दिखाया गया है कि ट्रॉफी उठाने से पहले हरमनप्रीत ने भांगड़ा किया था, जिसके बारे में उन्होंने बताया कि उन्हें स्मृति मंधाना ने ही प्रेरित किया था। जेमिमा ने कहा, 'हैरी दीदी हम लोगों की बात नहीं सुनती हैं। पर स्मृति ने बोला था कि अगर भांगड़ा नहीं किया तो मैं पूरी लाइफ बात नहीं करूंगी।' आप इस शो को 27 दिसंबर को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। प्रोमो वीडियो पर फैंस के रिएक्शन भी आ रहे हैं। एक ने कहा, 'स्मृति मिसिंग हैं।' दूसरे ने कहा, 'ये बहुत एंटरटेनिंग एपिसोड होगा।' एक और फैन ने स्मृति का जिक्र करते हुए कहा कि वो नहीं हैं।

## दे दे प्यार दे 2 ओटीटी पर हो रही रिलीज

**नई दिल्ली।** बाप की उम्र का अधेड़ और अमीर आदमी, एक नए जमाने की चुलबुली लड़की। दोनों का इश्क, शादी की प्लानिंग और इस चक्कर में




मची अफरा-तफरी। अजय देवगन और रकुल प्रीत सिंह स्टारर 'दे दे प्यार दे 2' सिनेमाघरों में बीते महीने 14 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। 150 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भले ही 74.21 करोड़ रुपए की कमाई की, लेकिन इसने दर्शकों को थिएटर्स में हंसाया जरूर। अब यह फिल्म अगले महीने 9 जनवरी, 2026 को ओटीटी पर स्ट्रीमिंग की तैयारी कर रही है। 'दे दे प्यार दे 2' साल 2019 की पॉपुलर हिट रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'दे दे प्यार दे' का सीक्वल है। अंशुल शर्मा के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म की कहानी तरुण जैन और 'प्यार का पंचनामा' फेम लव रंजन ने लिखी है। यह लंदन में बसे आशीष चावला और उसकी गर्लफ्रेंड आयशा चौधरी की लव स्टोरी को आगे बढ़ाती है। पिछली फिल्म में हमने देखा था कि आशीष अपनी गर्लफ्रेंड को अपनी एक्स वाइफ और बच्चों से मिलवाता है।

# नौशाद अली की यादों में हमेशा जिंदा रहा नवाबों का शहर...

**नई दिल्ली।** मशहूर संगीतकार नौशाद अली हिंदी फिल्मों के सबसे बड़े नामों में से एक हैं। उन्होंने सिर्फ 65-67 फिल्मों में ही संगीत दिया, लेकिन उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में बसता है। उन्होंने हिंदी सिनेमा में शास्त्रीय संगीत को लोकप्रिय बनाया और फिल्म संगीत को एक नई ऊंचाई दी। नौशाद अली का जन्म 25 दिसंबर 1919 को उत्तर प्रदेश के लखनऊ शहर में हुआ था। लखनऊ को नवाबों का शहर कहा जाता है, जो संस्कृति और संगीत का बड़ा केंद्र रहा है। उनके पिता वाहिद अली एक मुंशी थे। घर में संगीत को अच्छा नहीं माना जाता था, लेकिन नौशाद को बचपन से ही संगीत का बहुत शौक था।

**लखनऊ की यादें** : वह देवा शरीफ के मेले में जाते थे, जहां बड़े कव्वाल और संगीतकार गाते थे। उन्होंने उस्तादों से हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत सीखा। साइलेंट फिल्में देखकर नोट्स बनाते थे और हारमोनियम बजाने का मौका पाने के लिए एक दुकान पर काम करते थे। लखनऊ की गलियां और मुहल्ले उनकी यादों में हमेशा जिंदा रहे। उन्होंने एक गजल में लिखा था- 'वह गलियां, वह मुहल्ले, सब बन गए कहानी, मैं भी था लखनऊ का, यह बात है पुरानी।'



**संघर्ष के दिन और मुंबई का सफर** : 17 साल की छोटी उम्र में 1937 में नौशाद लखनऊ छोड़कर मुंबई चले गए। शुरुआती दिनों में बहुत संघर्ष किया। फुटपाथ पर सोना पड़ा। पहले बड़े संगीतकारों के सहायक बने। फिर 1940 में फिल्म 'प्रेम नगर' से स्वतंत्र संगीतकार के रूप में शुरुआत की। असली सफलता 1944 में फिल्म 'रतन' से मिली। इसके गाने इतने हिट हुए कि वह रातोंरात स्टार बन गए।

***कॅरियर की चमक और मशहूर फिल्में*** : *नौशाद ने शकील बदायुनी जैसे गीतकारों और मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर जैसे गायकों के साथ काम किया। उन्होंने रफी और लता को बहुत मौके दिए। उन्होंने उनकी फिल्मों में शास्त्रीय रागों का इस्तेमाल किया, जो उस समय नया था। उनकी कुछ मशहूर फिल्में हैं- 'बैजू बावरा', 'अंदाज', 'मदर इंडिया', 'मुगल-ए-आजम', 'गंगा जमुना' और राम और श्याम'। उन्होंने अपने संगीत से लोगों को कई फिल्मों में झूमने पर मजबूर किया।*

***सम्मान और आखिरी सफर*** : *मुगल-ए-आजम को जब रंगीन किया गया, तो नौशाद बहुत खुश हुए। उनकी आखिरी फिल्म 'ताज महल' (2005) थी। उनके योगदान के लिए 1981 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कार और 1992 में पद्म भूषण मिला। 5 मई 2006 को उनका निधन हो गया।*

# वेलकम टू द जंगल में अक्षय का दिखा अलग अंदाज



**मुंबई।** अक्षय कुमार ने गुरुवार को क्रिसमस की शुभकामनाएं देते हुए अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने लिखा, 'वेलकम टू द जंगल की पूरी कास्ट की तरफ से आप सभी को क्रिसमस की हार्दिक शुभकामनाएं। फिल्म 2026 में सिनेमाघरों में आ रही है। मैं कभी इतने बड़े प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं रहा। हममें से कोई भी नहीं। हम आपको अपना तोहफा देने के लिए बेताब हैं। शूटिंग पूरी हो गई। शाबाश, दोस्तों! इसे साकार करने में शामिल सभी लोगों का बहुत बड़ा योगदान रहा। हमारी तरफ से आप सभी को 2026 के लिए ढेर सारी शुभकामनाएं।'इसके साथ ही अक्षय ने एक वीडियो भी पोस्ट किया है। इस वीडियो में 'वेलकम टू द जंगल'की पूरी कास्ट नजर आ रही है। जाहिर है कि इस फिल्म में अब तक की सबसे बड़ी कास्ट नजर आ रही है, जिसमें कई दिग्गज कलाकार शामिल हैं। अक्षय के इस वीडियो में उनके अलावा सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, रवीना टंडन, तुषार कपूर, राजपाल यादव, परेश रावल, आफताब शिवदसानी, जैकलीन फर्नांडीज, जॉनी लीवर, पुनीत इस्सर, दिशा पाटनी समेत कई और एक्टर्स भी नजर आ रहे हैं।

## क्रिसमस डे के मौके पर कई सेलेब्स ने करीबियों और दोस्तों को दी बधाई

# तमन्ना ने सजाया ट्री, बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ

***मुंबई।*** *गुरुवार को पूरी दुनिया में क्रिसमस डे मनाया गया। इसे लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह रहा। कोई चर्च गया तो कोई क्रिसमस ट्री सजाया। क्रिसमस ईसाई धर्म का खास त्यौहार है, हालांकि इस दौर में इसे लगभग सभी लोग मनाते हैं। लोग अपने करीबियों और दोस्तों को बधाई देते हैं और सोशल मीडिया पर स्टेटस लगाते हैं। इसी तरह से कई सेलेब्स ने सोशल मीडिया पर क्रिसमस डे के मौके पर पोस्ट की है।*

**तमन्ना भाटिया** : अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने क्रिसमस डे के मौके पर इंस्टाग्राम पर अपनी खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि वह क्रिसमस ट्री सजा रही हैं और उसके साथ पोज दे रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'हो हो हो मेरी क्रिसमस'।

**बिग बी ने उठाया कुकीज का लुत्फ** : क्रिसमस के अवसर पर अमिताभ बच्चन ने भी एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट साझा कर लिखा क्रिसमस पर उन्होंने खास कुकीज मंगाकर खाईं। उन्हें इसका स्वाद इतना पसंद आया कि थोड़ी देर बाद फिर से मंगवाएंगे। उन्होंने जहां से ऑर्डर किया, उस दुकान का नाम भी बताया है।



**शिल्पा शेट्टी** : शिल्पा शेट्टी ने अपने पति और अपने बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया है। वह अपने परिवार के साथ बाहर घूमने गई हैं और पोज दिए हैं।

**बिपाशा बसु** : अभिनेत्री बिपाशा बसु ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में वह अपने पति करण ग्रोवर के साथ रेड ड्रेस में डांस कर रही हैं। पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा है 'मेरी क्रिसमस।'

**मौनी रॉय** : मौनी रॉय ने क्रिसमस के मौके पर लहंगे में पोज दिए हैं। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने फैंस को क्रिसम की बधाई दी है।

**सोनाक्षी सिन्हा-जहीर इकबाल** : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल ने क्रिसमस डे मनाया है। दोनों ने क्रिसमस ट्री के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की हैं और क्रिसमस की बधाई दी है।

***कृति शेट्टी*** : *कृति शेट्टी ने क्रिसमस के मौके पर शानदार पोज दिए हैं। उन्होंने फैंस को क्रिसमस की बधाई दी है।*

***सोफी चौधरी*** : *रंग-बिरंगी ड्रेस में सोफी चौधरी ने क्रिसमस ट्री के साथ बेहतरीन पोज दिए हैं। उन्होंने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है 'आप पर एक्स मास का आशीर्वाद बना रहे।'*

***करिश्मा शर्मा*** : *करिश्मा शर्मा ने क्रिसमस ट्री के पास पोज दिए हैं। उन्होंने इस साल मिले प्यार और सबक के लिए सांता को धन्यवाद कहा है।*

***अहाना कुमरा*** : *अहाना कुमरा ने क्रिसमस ट्री के साथ कई पोज दिए हैं। उन्होंने अपने फैंस को क्रिसमस पर बधाई दी है।*

**खबर संक्षेप**

## पीजी कॉलेज के बैडमिंटन हॉल को खोलने की मांग



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंतर्गत बनारस रोड स्थित बैडमिंटन हॉल को खिलाड़ियों के लिए खोलने की मांग को लेकर आजाद सेवा संघ के प्रतिनिधिमंडल ने महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश सचिव रचित मिश्रा ने बताया कि वर्तमान समय में युवाओं के बीच बैडमिंटन के प्रति जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कॉलेज परिसर में खेल की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होने के बावजूद हॉल का पूर्ण रूप से संचालित न होना समझ से परे है। रचित मिश्रा ने बताया कि संसाधनों का उपयोग न होने की स्थिति में वे जर्जर होने लगी हैं, अतः छात्र हित और खेल भावना को सर्वोपरि रखते हुए इस बैडमिंटन हॉल को नियमित अभ्यास के लिए अविलंब खोला जाना जाए ताकि प्रतिभाओं को सही मंच मिल सके। जिस पर महाविद्यालय के प्राचार्य ने आजाद सेवा संघ की मांगों को तर्कसंगत माना। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि कॉलेज प्रशासन खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्राचार्य ने तत्काल निर्देश देते हुए उचित आश्वासन दिया कि हॉल की साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त कर लिया जाएगा, जिसके पश्चात इसे विधिवत रूप से खिलाड़ियों और छात्र-छात्राओं हेतु खोल दिया जाएगा।

## नशे के कारोबारियों को दस-दस वर्ष का कारावास

अंबिकापुर। नशीली दवाओं की तस्करी के मामले में सुनवाई के बाद कोर्ट ने दो आरोपियों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट अतुल कुमार श्रीवास्तव ने आरोपियों को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। न्यायालयीन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 3 फरवरी 2021 को पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने अल्टो कार क्रमांक सीजी 15 डीएफ 1537 को रोककर उसकी तलाशी ली। इस दौरान कार की डिक्की में रखे बैग से 116 नग नशीला कफ सिरप बरामद किया गया था। इस मामले में पुलिस ने इमलीपारा निवासी 42 वर्षीय गुफरान सिद्दीकी उर्फ सोनू आ स्व. एहसान सिद्दीकी व सीतापुर मुलाजिमपारा निवासी 22 वर्षीय नसीम खान आ. मजीद खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इस प्रकरण की सुनवाई न्यायालय

**निधन**

## संगीता सिंह



**बैकुण्ठपुर।** चरचा कॉलरी में कार्यरत एसईसीएल कर्मी अशोक सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती संगीता सिंह का 25 दिसंबर को गृह ग्राम पंदहा जिला बलिया उप्र में हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम बलिया में 27 दिसंबर को किया जाएगा। वे अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

### 8 हजार से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंची करीब 105 करोड़ रूपए

# कोरिया में अब तक 4.43 लाख क्विंटल धान की हुई खरीदी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कोरिया जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत धान खरीदी का कार्य सुव्यवस्थित एवं चौकस व्यवस्था के साथ जारी है। 26 दिसंबर तक जिले के 8 हजार 538 किसानों से कुल 4 लाख 43 हजार 89 क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। जिले के 21 उपार्जन केन्द्रों में प्रशासन द्वारा पूरी चौक-चौबंद व्यवस्था के साथ धान खरीदी की जा रही है।

किसानों की सुविधा, सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए प्रशासन किसानों के रखवार की भूमिका निभाते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। धान खरीदी के एवज में अन्नदाताओं को 104 करोड़ 96 लाख 79 हजार रूपए से अधिक की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा चुकी है, जिससे जिले के किसानों में संतोष और उत्साह का माहौल है। वहीं कृषकों को वितरित ऋण के विरूद्ध 20 करोड़ 12 लाख 79 हजार रूपए से अधिक की वसूली भी की गई है। धान खरीदी के संबंध में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा विभागीय व नोडल अधिकारियों से लगातार समीक्षा कर रही हैं और दिशा-निर्देश दे रही है। किसानों की किसी भी प्रकार की शिकायत, समस्या मिलने पर त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए जा रहे हैं। किसानों द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धान खरीदी नीति की सराहना की जा रही है। शासन द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल की सीमा में तथा 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान की खरीदी की जा रही है, जिससे किसानों को सीधा लाभ मिल रहा है। 15 नवंबर से जिले के सभी 21 धान उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ हुआ है।

# एनएच पर अवैध रेत परिवहन करते मिनी ट्रक को कलेक्टर ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



एनएच-43 पर गुरुवार को अवैध रेत परिवहन के खिलाफ कलेक्टर एस जयवर्धन ने स्वयं कार्रवाई करते हुए एक मिनी ट्रक को पकड़कर माइनिंग विभाग एवं पुलिस को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं,प्राप्त जानकारी के अनुसार,जयनगर निवासी सुनील गुप्ता की मिनी ट्रक क्रमांक सीजी 15 ईएच 1768 दोपहर के समय जयनगर के कांसापारा रेत घाट से अवैध रूप से रेत लोड कर अंबिकापुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सूरजपुर कलेक्टर अंबिकापुर जा रहे थे। एनएच-43 पर उक्त मिनी ट्रक का चालक कलेक्टर के वाहन को बार-बार ओवरटेक कर रहा था, जिससे कलेक्टर की नजर वाहन पर पड़ी। संदेह होने पर कलेक्टर जयवर्धन ने रेत लोड वाहन का पीछा कर अजबनगर के पास उसे रुकवाया और तत्काल माइनिंग टीम एवं जयनगर पुलिस को मौके पर बुलाकर वाहन के कागजात जांच करने के निर्देश दिए। जांच में माइनिंग अमले ने पाया कि वाहन में लगभग पांच घन मीटर रेत बिना किसी वैध अनुमति एवं दस्तावेज के परिवहन की जा रही थी। वहीं पुलिस एवं यातायात विभाग की जांच में यह भी सामने आया कि वाहन चालक अमन तिर्की (निवासी पार्वतीपुर) के पास वैध ड्राइविंग लाइसेंस नहीं था। इसके बाद मिनी ट्रक को जप्त कर जयनगर थाना परिसर में खड़ा कराया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

■ कलेक्टर के वाहन को ओवहर टेक कर रहा था ट्रक चालक

# मंत्री की उपस्थिति में मनाई गई अटल जी की जयंती



हरिभूमि न्यूज. बिजुरी

भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की 101 वीं जयंती को नगरपालिका परिषद बिजुरी में सुशासन दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की सबसे अहम उपलब्धि नगर के प्रमुख स्थलों का अटल जी के नाम पर नामकरण रहा। मंत्री श्री जायसवाल ने घोषणा की कि वार्ड क्रमांक 12 स्थित नगर के मुख्य तालाब को अब अटल सरोवर के नाम से जाना जाएगा। इस घोषणा पर उपस्थित जनसमूह ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 14 अंतर्गत केनापारा से दलदल द्वार तक की सड़क का नाम अटल पथ रखे जाने की भी घोषणा की गई, जिसे नगरवासियों ने गौरवपूर्ण क्षण बताया। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, सुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण है। उनके द्वारा स्थापित राजनीतिक शुचिता और विकास की सोच आज भी देश के लिए मार्गदर्शक बनी हुई है। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्षा सहबिन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, भाजपा जिलामंत्री भूपेन्द्र महरा, मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा, भाजपा महामंत्री कैलाश कोल, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, सांसद प्रतिनिधि गयाबोध मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि दीपक शर्मा सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नगर परिषद कर्मचारी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

## अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर विविध आयोजन



चरचा कॉलरी। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न से सम्मानित श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर जनपद पंचायत बैकुंठपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत खरवत के पंचायत भवन परिसर में भव्य एवं गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत खरवत के सरपंच रामाशंकर सिंह ने की। इस अवसर पर काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर द्वीप प्रज्जवलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। उपस्थितजन ने श्रद्धेय अटल जी को नमन करते हुए उनके राष्टवादी विचारों, ओजस्वी व्यक्तित्व एवं सुशासन के प्रति उनके समर्पण को स्मरण किया। सरपंच रामाशंकर सिंह ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट सेवा, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं जनकल्याण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि अटल जी द्वारा स्थापित सुशासन की परंपरा आज भी शासन-प्रशासन के लिए मार्गदर्शक है और प्रत्येक जनप्रतिनिधि को उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में अटल जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाते हुए शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, पारदर्शी प्रशासन, जवाबदेही एवं आम नागरिकों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई।

## पूर्व पीएम के जयंती पर बुजुर्गो का सम्मान



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती अटल स्मृति वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में झुग्गी झोपड़ी बस्ती में पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती के अवसर पर झुग्गी झोपड़ी में निवासत लोगों कंबल वितरण एवं बुजुर्गो को शाल व श्रीफल से सम्मान किया साथ ही समरसता भोज का आयोजन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा ने संबोधित करते हुए कहा कि छग राज्य के निमार्ता पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के देन की वजह से आज छग विकास ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, मंडल अध्यक्ष संजय चिकनजूरी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष सतेन्द्र राजवाड़े, कार्यक्रम प्रभारी रोशन राजवाड़े, सह प्रभारी अभिजीत दुबे सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बहालपुर में बच्चों को स्वेटर, टोपी व बिस्किट का वितरण

हरिभूमि न्यूज. डोमनहिल



शासकीय प्राथमिक शाला बहालपुर एवं आंगनबाड़ी केन्द्र बहालपुर, विकासखंड खड़गवां, जिला एमसीबी में 20 दिसंबर को सामाजिक सरोकार से जुड़ा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर चिरमिरी निवासी समाजसेवी एवं पीडब्ल्यूडी ठेकेदार फारूख खान तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मेहरून निशा द्वारा बच्चों को स्वेटर व टोपी का वितरण किया गया।

वहीं सदाशिव बारिक, निवासी गोदरीपारा द्वारा पेन तथा फारूख खान के दो सुपुत्रों द्वारा बच्चों को बिस्किट वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा किया गया, जिन्होंने विद्यालय और दानदाताओं के बीच सेतु की भूमिका निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ दानदाताओं को बैच पहनाकर किया गया। प्रधान पाठक श्रीमती कांति खैरवार ने स्वागत उद्बोधन देते हुए इस सामाजिक सहयोग को अनुकरणीय बताया और दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से फारूख खान के दोनों बच्चों की सराहना की, जिन्होंने अपनी पॉकेट मनी से बच्चों के लिए बिस्किट वितरण कर समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती मेहरून निशा ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और आगे बढ़ने का संदेश दिया। वहीं फारूख खान ने कहा कि समाज से मिला सम्मान लौटाना प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी है और भविष्य में भी वे इस प्रकार के सामाजिक कार्य करते रहेंगे। सदाशिव बारिक ने कहा कि बच्चे ही देश और समाज का भविष्य हैं, इन्हें बेहतर शिक्षा और संस्कार देना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम में विशेष रूप से बंजारीडॉड संकुल के संकुल प्राचार्य धनेश्वर सिंह पैकरा, संकुल शैक्षिक समन्वयक कन्हैया लाल रवि, शासकीय प्राथमिक शाला दुग्गी के प्रधान पाठक ओमप्रकाश खैरवार, ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक श्री शर्मा तथा शिक्षक बलवान सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन के. प्रफुल्ल रेड्डी द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन सहायक शिक्षक बलवान सिंह ने किया।

# एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत खोडरी में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय रामानुज महाविद्यालय बैकुंठपुर के प्राचार्य एमसी हिमधर तथा विशिष्ट अतिथि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भखार की प्राचार्या श्रीमती पी. सिंह रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता ने की। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुश्री शाहिस्ता अंजुम अली ने सात दिवसीय विशेष शिविर में संपन्न गतिविधियों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समापन दिवस पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा नशा मुक्त भारत विषय पर आधारित लघु नाटिका ने उपस्थित जनसमूह को जागरूकता का संदेश दिया। मुख्य अतिथि द्वारा स्वयंसेविकाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि श्री हिमधर ने कहा कि एनएसएस जीवन जीने की कला सिखाती है और वास्तविक परिस्थितियों से परिचित कराती है। उन्होंने कहा कि सात दिनों में सीखी गई बातें जीवनभर उपयोगी सिद्ध होंगी। विशिष्ट अतिथि श्रीमती पी. सिंह ने कहा कि कड़ाके की ठंड में आयोजित यह शिविर चुनौतीपूर्ण था, जिससे छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को ढालना सीखा। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य अमृत लाल गुप्ता ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम है। इस शिविर में छात्राओं ने योग, व्यायाम, स्वच्छता, नशा मुक्ति, स्वास्थ्य जागरूकता, भोजन निर्माण एवं सामाजिक सहभागिता जैसे विषयों पर कार्य कर व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया। ग्रामीणों के साथ मिलकर किए गए गतिविधियों से छात्राओं को ग्रामीण जीवनशैली को समझने का अवसर मिला। जागरूकता अभियानों के माध्यम से समाज के विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक संवाद स्थापित किया गया।

# जिला चिकित्सालय और वृद्धाश्रम में फल वितरण



**बैकुण्ठपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेय के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देश एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कुशल मार्गदर्शन में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा जिला चिकित्सालय एवं वृद्धाश्रम में फल वितरण किया।

इस अवसर पर राष्ट निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान, सशक्त नेतृत्व, लोकतांत्रिक मूल्यों और कवि-सुलभ संवेदनशीलता को भावपूर्ण स्मरण करते हुए उनके विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रीता यादव, जिला कार्यालय मंत्री मंजू जिवानानी, मंत्री लीना शिवहरे, सरिता सोनी, मनीषा देवांगन, राधा सोनी, आंचल सिंह, ममता साहू, पुष्पा सिंह सहित महिला मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सभा के माध्यम से ग्रामीणों को दी जा रही जानकारी

**बैकुण्ठपुर।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना विकसित भारत रोजगार व आजीविका गारंटी मिशन ग्रामीण (वीबी-जी राम जी) अधिनियम 2025 को राष्टपति की स्वीकृति के पश्चात कोरिया जिले में प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। यह योजना महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का उन्नत एवं आधुनिक स्वरूप है, जिसका उद्देश्य वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका के अवसरों को सुदृढ़ बनाना है।

जिले में योजना का क्रियान्वयन कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। योजना के प्रभावी संचालन के लिए जिला स्तर पर विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक विकासखंड को निर्धारित लक्ष्य एवं दायित्व सौंपे गए हैं। पंचायत संचालनालय के निर्देशानुसार जिले के सभी विकासखंडों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन कर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जा रही है। 24 दिसंबर से इन ग्राम सभाओं का आयोजन प्रारंभ हो चुका है, जिनके माध्यम से ग्रामीणों को योजना के उद्देश्यों, प्रावधानों एवं लाभों से अवगत कराया जा रहा है। यह योजना केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को स्थायी रूप से मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। शासन का उद्देश्य है कि हर हाथ को काम और हर घर को स्थायी आजीविका प्राप्त हो।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मानस भवन में...

सहयोग और सेवा भावना को सुदृढ़ करते हैं। जिला अस्पताल से सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल के नेतृत्व में चिकित्सकीय टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, पूर्व अध्यक्ष शैलेष शिवहरे, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती स्नेहलता सिंह गोड़, श्रीमती गीता राजवाड़े, जनपद पंचायत, बैकुंठपुर के अध्यक्ष उदय सिंह, विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, रेडक्रॉस सोसायटी कोरिया के चेयरमैन महेन्द्र वेद, वाइस चेयरमैन श्रीमती गीता राजवाड़े, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता तथा सदस्यगण शैलेन्द्र शर्मा, सुधीर अग्रवाल, डॉ. गौरवकांत बड़ेरिया, प्रशांत गुप्ता, हिमांशु अवस्थी, आशीष बड़ेरिया, बसंत राय, उपस्थित रहे।

### बरदिया में सुंदरकांड...

आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थितजन को भोजन प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद वितरण में स्थानीय युवाओं और समिति के सदस्यों ने सक्रिय सहयोग किया। आयोजन में मुख्य वक्ता विवेक सक्सेना रायपुर, पंडित सुयश देव महोरा वाले व महिला वक्ता श्रीमती सुंदरी राजवाड़े रहे। वहीं श्रीमती अल्का चौबे ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के आयोजक हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति, बरदिया मंडल तथा संयोजक की भूमिका योगेन्द्र मिश्रा ने निभाई। इसी तरह आयोजन में ग्राम बरदिया के युवा, केशरीनंदन परिवार सक्रिय रहे।

### कार्यक्रम का उद्देश्य सुशासन, पारदर्शिता, जनसेवा के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना

# राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसेवा के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राहुल सिंह एवं विशिष्ट अतिथि रामचरित द्विवेदी, विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुशासन की शपथ ली गई। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं उनके द्वारा स्थापित सुशासन की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शासन की सफलता जनता की संतुष्टि एवं पारदर्शी कार्यप्रणाली पर निर्भर करती है। विशिष्ट अतिथि ने उद्बोधन में कहा कि अटल जी मानते थे कि राजनीति का उद्देश्य सत्ता नहीं, बल्कि सेवा होना चाहिए। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश को सुशासन की दिशा में आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में सर्वशिक्षा अभियान, राष्ट्रीय राजमार्ग विकास परियोजना, तथा स्वर्णिम चर्तुभुज योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं प्रारंभ हुईं, जिनसे देश के विकास को नई गति मिली। विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन पाण्डेय ने अटल बिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, पारदर्शी प्रशासन एवं जवाबदेही ही सुशासन के मूल स्तंभ हैं। नारायण तिवारी ने कहा कि अटल जी की वाणी में सौम्यता और विचारों में दृढ़ता थी।

